

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 14 जुलाई 2026 बर्ष 02 अंक 183 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दूसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें। क्योंकि पूरी दुनिया में कारपेट बिछाने से खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।

## मुख्यमंत्री ने बिहार हेली–टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना–2026 का किया शुभारंभ, 18 जुलाई से शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में मुख्यमंत्री बिहार हेली–टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना–2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह योजना बिहार में पर्यटन को नई उड़ान देगी और राज्य के पर्यटन उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत 13 जुलाई 2026 से ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है, जबकि 18 जुलाई 2026 से प्रत्येक शनिवार और रविवार को हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। योजना के तहत पटना से राजगीर, वाल्मीकिनगर और कैमूर के लिए सब्सिडी युक्त हेली–टूरिज्म सेवा शुरू की गई है। इसके माध्यम से आम नागरिक भी किफायती दरों पर हवाई पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। राज्य सरकार प्रत्येक टिकट पर अधिकतम ₹15,422 तक का अनुदान दे रही है, जिससे यात्रियों पर आर्थिक बोझ कम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं के लिए

रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा होम–स्टे, स्थानीय हस्तशिल्प और ग्रामीण पर्यटन को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि



पर्यटन क्षेत्र में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के माध्यम से निजी निवेश को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।उन्होंने बिहारवासियों से अपील की कि वे स्वयं राज्य के ब्रांड एम्बेसडर बनें और बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा प्राकृतिक धरोहरों का व्यापक प्रचार–प्रसार कर देश–दुनिया के अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बिहार के गांव सड़क, बिजली, पेयजल सहित सभी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ चुके हैं और राज्य की ग्रामीण सड़कें विकास की नई पहचान बन गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हेली–टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना से बिहार पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## अंडर–23 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, बिहार के शिवम कुमार का चयन

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने 9 से 14 अगस्त 2026 तक नाइजीरिया के लागोस में आयोजित होने वाली अंडर–23 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की संशोधित सूची जारी कर दी है। जारी सूची में देशभर के 32 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बिहार के फेंसर शिवम कुमार को पुरुष फॉइल स्पर्धा में भारतीय टीम में जगह मिली है। एफएआई के महासचिव राजीव मेहता द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, भारतीय टीम में महिला और पुरुष वर्ग के फॉइल, एपी और सेबर स्पर्धाओं के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता 9 से 14 अगस्त तक लागोस (नाइजीरिया) में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, केरल, जम्मू–कश्मीर, एसएससीबी तथा बिहार सहित विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी शामिल हैं। बिहार के शिवम कुमार का चयन पुरुष फॉइल वर्ग में होने से राज्य के खेल जगत में खुशी की लहर है। एफएआई ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि इस प्रतियोगिता के लिए भारत सरकार की ओर से कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। ऐसे में खिलाड़ियों को हवाई यात्रा, वीजा, आवास, भोजन और स्थानीय परिवहन का खर्च स्वयं वहन करना होगा। हालांकि, खिलाड़ियों को वीजा के लिए आवश्यक आमंत्रण पत्र (इनविटेशन लेटर) फेडरेशन उपलब्ध कराएगा।आयोजन समिति द्वारा आधिकारिक होटल और एयरपोर्ट परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन सुविधाओं का लाभ लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को 15 जुलाई 2026 तक अपनी सहमति फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया को भेजनी होगी। फेडरेशन ने चयनित खिलाड़ियों के शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया है कि उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विशेष अवकाश प्रदान किया जाए तथा यात्रा अवधि को भी अवकाश में शामिल किया जाए। साथ ही खिलाड़ियों को निर्देश दिया गया है कि एक ही स्पर्धा के खिलाड़ी समूह में यात्रा करें और अपनी यात्रा संबंधी जानकारी फेडरेशन को उपलब्ध कराएं। एफएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि टीम घोषित होने के बाद किसी खिलाड़ी द्वारा नाम वापस लेने की स्थिति में उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतियोगिता में भारतीय टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई है।

## हिलसा स्टेशन के पास मालगाड़ी की चार बोगियां बेपटरी, रेल परिचालन ठप; कई ट्रेनें प्रभावित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट हिलसा(नालंदा)।** नालंदा जिले के हिलसा रेलवे स्टेशन के पास फतुहा–इस्लामपुर रेलखंड पर सोमवार को एक बड़ा रेल हादसा हो गया। फतुहा से नटेसर की ओर जा रही एक खाली मालगाड़ी की चार बोगियां स्टेशन में प्रवेश के दौरान अचानक बेपटरी हो गईं। हादसे के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिच. ालन बाधित हो गया, वहीं हिलसादृचिकसौरा मार्ग सहित आसपास के कई रेलवे फाटकों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार, खाली मालगाड़ी फतुहा से नटेसर की ओर जा रही थी। हिलसा रेलवे स्टेशन में एंट्री के दौरान अचानक उसके चार वैगन पटरी से उतर गए। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना की जानक. ारी मिलते ही स्टेशन प्रबंधन ने रेलवे के वरीय अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद जी. आरपी, आरपीएफ तथा रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने में जुट गए। पटना से राहत एवं बचाव दल भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। रेलवे की टीम युद्धस्तर पर ट्रैक बहाल करने के कार्य में जुटी हुई है। हादसे के कारण फतुहा–इस्लामपुर रेलखंड पर रेल परिचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसके चलते दिल्ली–इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस, पटना–



इस्लामपुर पैसेंजर (लोकल) तथा इस्लामपुर– हटिया एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है।घटना के संबंध में रेलवे अधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि हादसे के समय मालगाड़ी की गति लगभग 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा थी। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मालगाड़ी किन परिस्थितियों में बेपटरी हुई। फिलहाल प्राथमिकता ट्रैक को जल्द से जल्द चालू कर रेल परिचालन सामान्य करने की है। मालगाड़ी की बोगियां ट्रैक पर फंस जाने के कारण हिलसा–चिकसौरा सड़क मार्ग और आसपास के रेलवे फाटकों पर भारी जाम लग गया। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद कई वाहन चालक बाईपास मार्ग का सहारा लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। रेलवे प्रशासन ने बताया कि ट्रैक बहाली का कार्य तेजी से जारी है और जल्द ही रेल सेवा सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

**42वीं सब जूनियर एवं 52वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चौंपियनशिप–2026**

## राजगीर खेल अकादमी के विश्वस्तरीय स्विमिंग पूल में होगी राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता

### बिहार टीम का चयन 25–26 जुलाई को होगी आयोजित

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से 25 एवं 26 जुलाई 2026 को राजगीर खेल अकादमी के स्विमिंग पूल में 42वीं सब जूनियर एवं 52वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चौंपियनशिप–2026 के लिए बिहार की राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार जूनियर एवं सब–जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चौंपियनशिप के लिए ओपन चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। चयन ट्रायल का आयोजन 25 एवं 26 जुलाई को स्टेट स्पोर्ट्स अकादमी, राजगीर में किया जाएगा। यह एक ओपन ट्रायल होगा, जिसमें इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए दोनों दिनों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं खेल प्राधिकरण के वेब साइट पर भी उपलब्ध होंगे। आवेदन करते समय अपना नाम, जिला एवं जन्मतिथि सहित सभी आवश्यक विवरण सही–सही भरना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई, सायं 6 बजे तक है। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे श्री शंकरण ने कहा कि चयनित खिलाड़ियों के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। इस चयन प्रतियोगिता के माध्यम से बिहार के श्रेष्ठ तैराकों का चयन किया जाएगा, जो स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 42वीं सब जूनियर एवं 52वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चौंपियनशिप–2026 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य के सभी पात्र तैराकों से चयन प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया गया है। खिलाड़ियों का चयन पूरी तरह उनकी योग्यता तथा प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित तकनीकी नियमों एवं पात्रता संबंधी मानदंडों के अनुरूप उनके कुशल प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में होगी। प्रतिभागियों को निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होना होगा। उन्हें आयु प्रमाण–पत्र, पहचान–पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का विस्तृत कार्यक्रम एवं रिपोर्टिंग संबंधी दिशा–निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।







# नगरनौसा में चोरी की कोशिश सीसीटीवी में कैद, ताला काटने के औजार के साथ घर में घुसने का प्रयास, वीडियो वायरल

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र के तीन लोदीपुर गांव में चोरी की कोशिश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक संदिग्ध युवक चेहरे को कपड़े से ढके हुए घर में घुसने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी के हाथ में ताला काटने वाला औजार था और वह घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। हालांकि उसकी यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और वह बिना घटना को अंजाम दिए वहां से फरार हो गया। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में संदिग्ध की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं, जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है।




घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं नगरनौसा थाना पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राजगीर मलमास मेला में उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था के लिए तेलमर थानाध्यक्ष सम्मानित




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भारत सोनी ने राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 के दौरान उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था, विधि–व्यवस्था संधारण एवं भीड़ नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने पर तेलमर थाना के थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।सोमवार को बिहारशरीफ स्थित समाहरणालय सोमवार को बिहारशरीफ स्थित समाहरणालय परिसर के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान एसपी भारत सोनी ने थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। प्रशस्ति पत्र में एसपी ने उल्लेख किया कि राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 के दौरान दिए गए सभी निर्देशों का थानाध्यक्ष ने अक्षरशः पालन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, विधि–व्यवस्था बनाए रखने तथा भीड़ नियंत्रण का कार्य अत्यंत कुशलता और जिम्मेदारी के साथ किया। उन्होंने कहा कि चन्द्रशेखर कुमार की नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा, कड़ी मेहनत एवं कार्य के प्रति समर्पण के कारण ही मेले का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। एसपी भारत सोनी ने थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विश्वास जताया कि वे आगे भी इसी प्रकार निष्ठा, ईमानदारी और दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नालंदा पुलिस का गौरव बढ़ाते रहेंगे। सम्मान मिलने पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार को बधाई देते हुए इसे पूरे तेलमर थाना के लिए गर्व का क्षण बताया।

# मंत्री श्रवण कुमार ने किया कुंडों का निरीक्षण



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार की शाम ब्रह्म कुंड परिसर स्थित कुंडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कुंडों की धारा से पानी नहीं गिरते पाया। वहीं कुछ धारा से पानी कम गिर रहा था। मंत्री ने बताया कि किस कारण से पानी सूख रहा है इसके संबंध विशेषज्ञों द्वारा जांच करायी जायेगी। पंडा कमेटी के कुछ सदस्यों से यह जानकारी मिली की पांचवां पहाड़ के उपर वेल्वा डोव तालाब है। उसकी उड़ाही करवाने की जरूरत है। कुछ बोरिंग से गर्म पानी निकलने के संबंध में भी जानकारी मिली है। अगर बोरिंग से प्रतिकूल असर पड़ता है तो आगे कार्रवाई की जायेगी। बताया कि पहले भी वर्षा अभाव के कारण कुंडों की धारा में पानी कम गिरने का बाते आयी थी। बारिश कम होने के कारण भी कुछ कुंड की धारा से पानी कम गिरना व पानी नहीं गिर सकता है। इस अवसर पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, अजीत कुमार उपाध्याय, अश्विनी कुमार उपाध्याय, वाल्मिकी कुमार उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

# 50 हजार का इनामी टॉप–10 बदमाश टिंकू सिंह गिरफ्तार, 20 मामलों में था वांछित




**केशववाणी गया (बिहार)।** जिले में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए टॉप–10 अपराधियों में शामिल 50 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी टिंकू सिंह उर्फ टिंकू कुमार उर्फ चोखा उर्फ सत्यनारायण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह करीब 20 आपराधिक मामलों में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। रविवार को मुफस्सिल थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में वजीरगंज कैंप डीएसपी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक के पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 50 हजार रुपये का इनामी अपराधी परैया थाना क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान कुम्हारटोली निवासी टिंकू सिंह के रूप में हुई। डीएसपी ने बताया कि टिंकू सिंह पर करीब 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 11 मई 2026 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू अबगीला पहाड़तल्ली इलाके में हुई फायरिंग का मामला भी शामिल है। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य मामलों में भी जांच कर रही है। मार्गदर्शन और वजीरगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# 15 जुलाई को बीपीएससी अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक परीक्षा, नालंदा में 12 केंद्रों पर 6,744 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर सोमवार को समाहरणालय में उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी की अध्यक्षता में केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कदाचारमुक्त वातावरण में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी सभी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। बीपीएससी द्वारा अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई 2026 (बुधवार) को दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी। नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 6,744 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र प्रेक्षक (ऑब्जर्वर), दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त 24 स्टैटिक दंडाधिकारी, 6 जोनल दंडाधिकारी–सह–गश्ती दल तथा 3 वरीय पदाधिकारियों को उड़नदस्ता दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है, जो परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न केंद्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि परीक्षार्थियों को प्रत्येक पाली की




परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का टोल–फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को नियंत्रण कक्ष का वरीय प्रभारी बनाया गया है तथा वहां सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी स्टैटिक दंडाधिकारी, प्रेक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को परीक्षा प्रारंभ होने से तीन घंटे पूर्व, यानी सुबह 7 बजे तक अपने–अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों को छह जोन में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक जोन के लिए अलग–अलग जोनल मजिस्ट्रेट (गश्ती दल दंडाधिकारी) की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन ने परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराने का निर्णय लिया है। साथ ही परीक्षा अवधि में प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बिहारशरीफ शहर में अलग से दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजगीर में नालंदा जिला स्तरीय रेड रन–2026 का सफल आयोजन




**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट (नालंदा)।** बिहार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान नवोदय विद्यालय, राजगीर के खेल मैदान में 5 किलोमीटर नालंदा जिला स्तरीय रेड रन–2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नोडल राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर द्वारा प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया, जबकि जिला नोडल पदाधिकारी रेड रिबन क्लब मिस पिंकी आर्य ने कार्यक्रम का संयोजन किया। रेड रन में जिले के आठ महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा सामाजिक कलंक को समाप्त करने का संदेश देना था।इस अवसर पर बिहार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के संसाधन सेवी आशीम कुमार झा एवं राकेश कुमार ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समय पर जांच और जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी तथा युवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर के मनीष कुमार, सुदिन कुमार एवं बिपिन कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में महाबोधि कॉलेज, नालंदा की पूजा कुमारी प्रथम, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर की सुंता कुमारी द्वितीय तथा नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ की प्रीति रानी तृतीय रहीं। समापन अवसर पर विजेताओं को पदक, प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन एचआईवी/एड्स मुक्त हो देश हमारा, रेड रन का यही है नारा के उद्घोष के साथ हुआ।

# जिला स्तरीय रेड रन–2026 में महाबोधि महाविद्यालय नालंदा की कैडेट पूजा कुमारी ने जीता स्वर्ण पदक



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी , पटना के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय रेड रन–2026 का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर के खेल मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में नालंदा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा की एनसीसी कैडेट पूजा कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ पूजा कुमारी अब राज्य स्तरीय रेड रन. 2026 में नालंदा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, पटना की ओर से अशिम झा विशेष रूप से उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में महाबोधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने स्वर्ण पदक विजेता पूजा कुमारी को अंगवस्त्र एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, यह उपलब्धि महाविद्यालय एवं पूरे नालंदा जिले के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि पूजा कुमारी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और महाविद्यालय का नाम और अधिक रोशन करेंगी। मेरा आशीर्वाद और शुभकामनाएँ सदैव उनके साथ हैं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम का नेतृत्व कर रहे प्रो. विकाश कुमार की सराहना करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस सफलता में उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्रो. विकाश कुमार को व्यक्तिगत एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद एवं बधाई दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार वर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों एवं टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार, वित्तेक्षक प्रो. शशिभूषण प्रसाद, डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, डॉ. काज़मी, प्रो. आनंद मूर्ति, डॉ. ललन कुमार पांडे, डॉ. प्रेमलता कुमारी, प्रो. मंजू कुमारी, प्रो. सुरेश प्रसाद, प्रो. विनोद प्रसाद, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो रवि शेखर, प्रो. आकाश भारती सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महाबोधि महाविद्यालय की ओर से कैडेट पूजा कुमारी, मुस्कान वर्मा, सलोनी कुमारी, खुशबू कुमारी एवं अभिमन्यु कुमार ने भाग लिया। सभी ने पूजा कुमारी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी खेल एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
Mobile:-7033325120,9931609015

# जूनियर राष्ट्रीय बालक रग्बी चौंपियनशिप में बिहार बना राष्ट्रीय चौंपियन, नालंदा के बजरंगी कुमार ने किया शानदार प्रदर्शन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** हैदराबाद के गाची. बोली स्टेडियम में 6 से 11 जुलाई 2026 तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय बालक रग्बी चौंपियनशिप में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में बिहार ने महाराष्ट्र को 37–05 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में बिहार ने उड़ीसा को 12–07 तथा क्वार्टर फाइनल में केरल को 42–00 के बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंशी राकेश राज ने बताया कि बिहार की विजेता टीम में नालंदा जिले के बजरंगी कुमार शामिल थे। बजरंगी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया तथा निर्णायक मुकाबलों में कई महत्वपूर्ण ट्राई (गोल) कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से नालंदा सहित पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ। उन्होंने बताया कि बिहार टीम के मुख्य कोच के रूप में नालंदा जिला खेल कार्यालय में कार्यरत एवं खेल कोटा से नियुक्त सौरभ कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन में बिहार की



टीम ने राष्ट्रीय चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।रेंशी राकेश राज ने बताया कि बजरंगी कुमार नालंदा मोड़ के निवासी हैं। उनके पिता स्वर्गीय मिश्री चौरसिया के निधन के बाद परिवार ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया। उनकी माता सोना देवी एवं बड़े भाई के साथ नालंदा मोड़ पर चाऊमीन, रोल एवं चाय का ठेला चलाकर परिवार का भरण–पोषण किया जाता है। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद बजरंगी ने अपने कठिन परिश्रम, संघर्ष और खेल के प्रति समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर जिले और राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्रामीण विकास मंत्री सह संरक्षक, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार श्रवण कुमार, अध्यक्ष संजय प्रकाश मयूख, सचिव पंकज ज्योति, वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी, नालंदा आलोक चंद चौधरी, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष मुन्नालाल, पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष डॉ. रवि चंद कुमार, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार, संयुक्त सचिव अभिषेक राज, एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स ज़ोन के निदेशक संजय कुशवाहा, न्यूरोसर्जन डॉ. राजीव कुमार रंजन, ऑर्थो सर्जन डॉ. निर्जल नाथ, सतीश कुमार, शारीरिक शिक्षक सुबोध कुमार, विपिन कुमार, सूरज कुमार, जिला खेल कार्यालय के सुशांत कुमार, जिला संघ के दल प्रभारी विवेक कुमार, वरीय खिलाड़ी रितेश रंजन, शेखर कुमार, चुनचुन कुमारी, अल्पना कुमारी सहित अनेक खेल प्रेमियों ने बिहार की विजेता टीम, खिलाड़ी बजरंगी कुमार एवं कोच सौरभ कुमार को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# गोस्वामी चेतना सम्मेलन का आयोजन, प्रदेश के कई जिलों से पदाधिकारी किए शिरकत

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर नगर के मुख्य बाजार में बड़ी दुर्गा स्थान स्थित गोस्वामी मार्केट मे गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन (भारत) के तत्वावधान में गोस्वामी चेतना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज की एकजुटता, संगठन के विस्तार , शिक्षा और सामाजिक उत्थान को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संगठन की नालंदा जिला इकाई का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज गोस्वामी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव दुर्गा दास गोस्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यनाथ गोस्वामी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव गिरि, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गोस्वामी (जमुई) तथा प्रदेश महासचिव वैजनाथ गोस्वामी (गया) ने कहा कि समाज के विकास के लिए संग. ठनात्मक एकता के साथ शिक्षा ग्रहण बहुत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समरसता और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन के दौरान नालंदा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें उमेश गिरी (दशरथपुर, गिरियक) को जिलाध्यक्ष , दीपक गिरि को जिला उपाध्यक्ष, सूरज मणि भारती (रहुई) को जिला महासचिव, भीम गोस्वामी ( खोदागंज) को जिला सचिव, चंद्रशेखर गिरि (पहाड़पुर, इसलामपुर) को जिला संगठन मंत्री, लाल केसर गिरि को मीडिया प्रभारी, कमला देवी को महिला प्रमुख तथा मनोज गोस्वामी (बिहारशरीफ) को विधि सलाहकार बनाया गया।वक्ताओं ने कहा कि गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। संगठन का युवा वाहिनी विभाग रक्तदान, आपातकालीन सहायता और जरूरतमंद परिवारों की मदद करता है। सम्मेलन में शिक्षा एवं संस्कार विभाग मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बिहार प्रदेश सचिव दीपक गोस्वामी (इसलामपुर) की सराहना की गई। वक्ताओं ने उनके कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन के समापन पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव गिरि ने कहा कि सामाजिक संगठन को बिहार के सभी जिलों तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने भविष्य में पटना के गांधी मैदान में विशाल गोस्वामी मह. ासम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। साथ ही बिहार सरकार से गोस्वामी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में आरक्षण देने, मठ–मंदिरों एवं समाज की समाधियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा केंद्र सरकार से गोस्वामी समाज को ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग दोहराई द्य कार्यक्रम में नालंदा जिला सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला–पुरुष और गा. `स्वामी समाज के लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में समाज को संगठित रहने और सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में चंद्रशेखर गिरि , दीपक गोस्वामी , देवेन्द्र गोस्वामी , भीम गोस्वामी सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित थे




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण का प्रशिक्षण: 142 स्कूलों के नोडल शिक्षक–शिक्षिकाओं ने मिशन लाइफ कार्यक्रम में भाग लिया



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** बहार शिक्षा परियोजना, नालंदा के निर्देशन में हरनौत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के चयनित नोडल शिक्षक–शिक्षिकाएं को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ।बीईओ नितेश कुमार रंजन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य सेश्एक पेड़ माँ के नाम 3.0श्अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण में इको क्लब के नामित नोडल शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भाग लिया।यह कार्यक्रम हरनौत बाजार में स्थित+2 टु उच्च विद्यालय परिसर में दो पाली में चला।बताया कि इको क्लब फॉर मिशन लाइफ एक पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।यह क्लब स्कूलों और कॉलेजों में स्थापित किया गया है और इसका मुख्य काम पर्यावरण संरक्षण,कचरा प्रबंधन,जल संरक्षण,और ऊर्जा के सही उपयोग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना है।कहा कि मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवन शैली के लिए इको क्लब छात्रों के बीच पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।इन क्लबों का उद्देश्य स्थायी जीवन के लिए आवश्यक मूल्यों और व्यवहारों को स्थापित करना है।छात्रों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने,मिशन लाइफ विषयों के साथ गठबंधन पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।. बीईओ ने कहा कि इसमें प्रखंड स्तरीय पांच मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण प्रदान किया।उन्होंने बाल संसद,मीना मंच और इको क्लब के गठन तथा उनके सुचारु संचालन के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया।बीईओ ने बताया कि शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे विद्यालय के सभी बच्चों को अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।लगाए गए पेड़ की तस्वीर इको क्लब पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण,पेड़ की कटाई,जलवायु परिवर्तन,ग्लोबल वार्मिंग,ऊर्जा संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के पहले पाली में 77 प्राथमिक विद्यालयों से 76 स्कूलों के शिक्षक–शिक्षिकाएं शामिल हुए।दूसरे पाली में 47 मध्य एवं 18 उच्च विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।मौके पर ट्रेनर में अस्मित, अल्का,रानी रंजन, प्रियंका व श्यामु जबकि प्रशिक्षु में शिक्षक सुनील कुमार,जीतेन्द्र कुमार,पटेल संतोष,रश्मि कुमारी,राजू कुमार, जीतेन्द्र पांडेय, प्रेमरंजनी सिन्हा,वीणा कुमारी,प्रीति सिंह, निभी,पूजा आदि शिक्षक–शिक्षिका शामिल रहे।

# आवास योजनाएं एवं पंचायत स्तरीय सेवाओं की समीक्षा को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय में स्थित बीडीओ कक्ष में प्रखंड विकास पदा. धिकारी डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में सा. `मवार दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। पहली बैठक में आवास सहायकों, लेखापाल (अकाउंटेंट) एवं आवास पर्यवेक्षक ने भाग लिया, जबकि दूसरी बैठक में पंचायत सचिव एवं कार्यपालक सहायक उपस्थित रहे। पहली बैठक में पीएम आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की प्रगति, लंबित मामलों एवं भुगतान संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।उधर दूसरी बैठक में पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को अधिकतम सरकारी एवं ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। बीडीओ डॉ. कुमार ने पंचायत सचिवों एवं कार्यपालक सहायकों को निर्देशित किया कि पंचायत भवनों में उपलब्ध डिजिटल सुविधाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं के लिए परेशान न होना पड़े और उन्हें अपने ही पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें।बैठक के अंत में प्रखंड बीडी. ओ ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।मौके पर प्रखंड आवास पर्यवेक्षक रविकर रवि सहित अन्य मौजूद थे।

# 16 पंचायतों में से 7 पंचायत में स्वागत द्वार निर्माण कार्य पूर्ण, दो में निर्माणाधीन जबकि 7 पंचायत में फाईलों में अटकी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में कुल 16 पंचायत है। जिनमें बराह पंचायत,नेहुसा,पोआरी, लोहरा,मुढ़ारी,चौरिया और पाकड़ पंचायत में सड़कों व गांव के मुख्य प्रवेश द्वार पर गांव को विशेष पहचान दिलवाने व हर राहगीर, ग्रामीण का गांव में प्रवेश करते समय स्वागत के रूप में स्वागत द्वार का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।मुख्य प्रवेश द्वार पर पहले कोई भी स्वागत द्वार तथा संकेत के रूप में कहीं भी गांव का नाम नहीं था ।पहली बार ग्राम पंचायत की ओर से मुख्य द्वार पर प्रवेश के रूप मे स्वागत गेट का निर्माण कराई गई है।उधर तेलमर व कोलावां पंचायत में यह गेट निर्माणधीन है। जबकि चेरो,बसनियावां, गोनावां,पचौरा, डिहरी, सोराडीह एवं सरथा पंचायत में स्वागत द्वार का निर्माण कार्य फाईलों में अटकी हुई है।डिहरी पंचायत के पंचायत सचिव विजय पासवान बताते है कि षष्ठम राज्य वित्त आयोग के राशि से यह निर्माण कराई जाती है।मगर पंचायत में रूपया ही नहीं है। वहीं सरथा पंचायत के पंचायत सचिव विकास कुमार बताते हैं कि रुपया की समस्या थी अलॉटमेंट हो गया है। अब निर्माण कार्य सुगबुगाने लगेगा।

# साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक में डीएम उदिता सिंह सख्त, 10 दिनों में टीबी स्क्रीनिंग और एक सप्ताह में 5 हजार नए राशन कार्ड बनाने का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लोक शिकायतों, भूमि विवाद, राजस्व मामलों तथा विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से सभी अनुमंडलों एवं अंचलों के कार्य निष्पादन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं जन वितरण प्रणाली से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों (सीओ) को निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगले 10 दिनों के भीतर जिले की लक्षित आबादी की शत–प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्क्रीनिंग से प्राप्त सभी आंकड़ों को निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित हो सके। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित राशन कार्ड आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर कम–से–कम 5,000 पात्र परिवारों के नए राशन कार्ड तैयार कर निर्गत किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार खाद्यान्न सहायता से वंचित न रहे।समीक्षा में बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर अब तक 14,160 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13,441 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 719 आवेदन लंबित हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध 21 शो–कॉज नोटिस जारी किए गए हैं। भूमि विवाद से जुड़े 270 मामलों में से 170 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। समीक्षा अवधि में 14 मामलों का



निपटारा हुआ। अपर समाहर्ता स्तर पर 69 प्रतिशत, जिला राजस्व शाखा स्तर पर 86 प्रतिशत तथा सभी अंचलों को मिलाकर 57 प्रतिशत मामलों का निष्पादन दर्ज किया गया। अनुमंडल कार्यालयों में प्राप्त 224 आवेदनों में से 157 का निष्पादन किया गया। निष्पादन प्रतिशत में हिलसा अनुमंडल 76 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि राजगीर 73 प्रतिशत और बिहारशरीफ 65 प्रतिशत पर रहा। भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालयों में प्राप्त 69 मामलों में से 50 का निष्पादन किया गया। हिलसा भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय ने 100 प्रतिशत निष्पादन हासिल किया। वहीं बिहारशरीफ में 69 प्रतिशत और राजगीर में 53 प्रतिशत मामलों का निष्पादन हुआ। 30 दिनों से अधिक लंबित मामलों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार'वाई के निर्देश दिए। अप्रैल की तुलना में मई माह में कई अंचलों के प्रदर्शन में सुधार दर्ज किया गया। एकंगरसराय, करायपरसुराय और हिलसा की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ, जबकि चंडी और परवलपुर के प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी गई। विभागवार फीडबैक की समीक्षा में पाया गया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के खिलाफ सबसे अधिक 277 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 251 नकारात्मक और 26 सकारात्मक फीडबैक शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग को 80 तथा पंचायती राज विभाग को 58 फीडबैक प्राप्त हुए। बैठक में कटरीसराय, नूरसराय एवं राजगीर प्रखंड के पथरौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में नल–जल योजना बंद रहने, बोरिंग खराब होने तथा बिजली के ढीले तारों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रगति यात्रा के तहत संचालित पथ एवं भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया गया कि सो. हसराय हॉल्ट के पास आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) सह सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है तथा पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। इसके अलावा ऐतवारी बाजार से उपरौरा मोड़ (एनएच–82) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और इसे 25 फरवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें तथा लंबित मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# गुप्त सूचना के आधार पर वेना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 25 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार





**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले की वेना थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार'वाई करते हुए अलग–अलग स्थानों से कुल 25 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, सिरनावा गांव निवासी राजभलव यादव के पुत्र मिंटू कुमार उर्फ भगत जी को 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर उफ़रौल गांव निवासी इंदल मांझी की पत्नी मिंटू देवी को 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नालंदा में सर्पदंश से महिला की मौत, इलाज के दौरान पावापुरी मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के कतरीसराय प्रखंड की दरवेशपुरा पंचायत स्थित दरवेशपुरा गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी सुधीर सिंह की पत्नी सरोज देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सरोज देवी को सांप ने काट लिया था। घटना के बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स), पावापुरी में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं दरवेशपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सरोज देवी एक कुशल गृहिणी और धर्मपरायण महिला थीं। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश और बिच्छू के डंक की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सर्पदंश के इलाज के लिए जीवनरक्षक दवाएं, एंटी–स्नेक वेनम और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने राज्य सरकार से मांग की कि प्राकृतिक आपदा के प्रावधान के तहत सर्पदंश से मृतक के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015